Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 6:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:47 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 66 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 27 अगस्त 2025



परम सुंदरी की चेन्नई एक्सप्रेस से तुलना...पेज-3 पर

# भारत पर अमेरिकी टैरिफ 25% से बढ़कर 50% हुआ

**मुंबई/नई दिल्ली**
**एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत पर 25 फीसदी के सामान्य आयात शुल्क के ऊपर जुर्माने के तौर पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला आज (27 अगस्त) से प्रभावी हो रहा है। ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ लागू होने के बाद भारत के कई उत्पादों का अमेरिका को होने वाला निर्यात महंगा हो जाएगा।

इस फैसले से भारत से अमेरिका निर्यात किए जाने वाले अधिकतर उत्पादों का वहां महंगा होना तय है। माना जा रहा है कि इससे भारतीय निर्यातकों को झटका लग सकता है, क्योंकि अमेरिका भारतीय उत्पादों का बड़ा खरीदार है। टैरिफ बढ़ने से अमेरिकी नागरिक भारतीय उत्पादों की जगह दूसरे देशों से कम टैरिफ दर पर आने वाले सामान को तरजीह दे सकते हैं। हमारे टेक्सटाइल, आभूषण और रत्न, कृषि और कुछ अन्य सेक्टर पर इस टैरिफ का असर दिख सकता है। 7 अगस्त से प्रभावी हुए 25 फीसदी टैरिफ की बात की जाए तो जो चावल पहले अमेरिकी नागरिक 100 रुपये में पा रहे थे, अब 25 फीसदी आयात शुल्क लगने के बाद वह उन्हें 125 रुपये में मिलेगा। 27 अगस्त को लगने वाले 25 फीसदी अतरिक्त टैरिफ के बाद यह बढ़कर 150 रुपये का हो जाएगा। यही स्थिति अलग-अलग सेक्टर्स के उत्पादों की रहेगी।

## दावा: पीएम मोदी फोन पर डील नहीं करते

जर्मन अखबार फ्रैंकफर्टर अल्गेमाइन की रिपोर्ट ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका-भारत के रिश्तों में हलचल बढ़ा दी है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के हफ्तों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के चार फोन का जवाब नहीं दिया। यह ऐसे समय सामने आया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापार विवाद गहराता जा रहा है। जापानी मीडिया निक्केई एशिया ने भी यही दावा किया है कि ट्रंप लगातार फोन कॉल्स का जवाब न मिलने से बेहद नाराज थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने स्पष्ट किया कि मोदी फोन पर संवेदनशील मुद्दों पर बातचीत नहीं करते। अधिकारी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री की कार्यशैली नहीं है कि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के जटिल मामलों पर फोन पर समझौता करें।

## भारत के सबसे बड़े निर्यात के बाजार




आंकड़े 2025 के, स्रोत- जीटीआरआई




## भारत के इन क्षेत्रों पर ज्यादा असर पड़ने की आशंका






*मैं उन सभी देशों को चेतावनी देता हूं, जो डिजिटल टैक्स, कानून, नियम या विनियम लागू करते हैं। यदि ये भेदभावपूर्ण कदम नहीं हटाए गए, तो मैं उनके निर्यात पर भारी अतिरिक्त टैरिफ लगाऊंगा और हमारी अत्यधिक संरक्षित तकनीक व चिप्स पर निर्यात प्रतिबंध लागू करूंगा।* - ***सोशल मीडिया पोस्ट***

### टैक्सटाइल



भारत के कपड़ा उद्योग के निर्यात का बड़ा हिस्सा अमेरिका पर निर्भर है। भारत से होने वाला कुल टेक्सटाइल निर्यात का 28 फीसदी अकेले अमेरिका को जाता है, जिसकी कुल कीमत 10.3 अरब डॉलर से ज्यादा है। नए टैरिफ का असर इस सेक्टर पर सबसे ज्यादा पड़ेगा। वहीं वियतनाम, इंडोनेशिया और बांग्लादेश जैसे दशों को इसका फायदा होगा। वियतनाम पर अमेरिका 19 फीसदी टैरिफ लगा रहा है, वहीं इंडोनेशिया पर ट्रंप ने 20 फीसदी टैरिफ लगाया है। इस लिहाज से भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को अमेरिकी टैरिफ के चलते प्रतियोगिता में नुकसान होने की आशंका है।

### रत्न-आभूषण



भारत के रत्न और आभूषण से जुड़े सेक्टर पर भी अमेरिकी टैरिफ का बड़ा प्रभाव पड़ने की आशंका है। इस सेक्टर से अमेरिका को हर वर्ष 12 अरब डॉलर का निर्यात करता है। मौजूदा समय में इस उद्योग पर अमेरिका का बेसलाइन 10 फीसदी टैरिफ लगता है, जिसका एलान अप्रैल में ही किया गया था, जबकि इससे पहले तक यह ड्यूटी पॉलिश्ड हीरों पर शून्य, सोने और प्लैटिनम ज्वैलरी पर 5-7 प्रतिशत और चांदी की ज्वैलरी पर 5-13.5 फीसदी तक टैरिफ लगता था। नए टैरिफ के चलते रत्न-आभूषण से जुड़े सेक्टर्स को बड़े नुकसान की आशंका है।

### कृषि उत्पाद




भारत फिलहाल अमेरिका को 5.6 अरब डॉलर से ज्यादा के कृषि उत्पाद निर्यात करता है। उसके बड़े निर्यातों में से मरीन उत्पाद, मसाले, डेयरी उत्पाद, चावल, आयुष और हर्बल उत्पाद, खाद्य तेल, शक्कर और ताजा सब्जियां और फल भी निर्यात इसमें शामिल है। माना जा रहा है कि ट्रंप के टैरिफ का सबसे ज्यादा असर भारत की सीफूड इंडस्ट्री यानी मरीन उत्पादों पर पड़ेगा।

### फुटवियर और इलेक्ट्रिक



इन सेक्टर्स के अलावा चमड़ा और फुटवियर उद्योग से अमेरिका को हर वर्ष 1.18 अरब, केमिकल उद्योग 2.34 अरब और इलेक्ट्रिक और मशीनरी उद्योग 9 अरब डॉलर का निर्यात करता है।



## गणपति बप्पा मोरया की गूंज, पीएम मोदी ने दीं गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

**मुंबई।** महाराष्ट्र में बुधवार को 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज हो गया है। इसके अलावा पूरे देश में धूमधाम से लोग बप्पा को अपने घरों या पंडालों विराजित कर रहे हैं। लोग बड़े उत्साह के साथ भगवान गणेश को अपने घरों, मकानों और सार्वजनिक पंडालों में ला रहे हैं। सुबह से ही चारों ओर गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने इस पावन अवसर पर सभी के कल्याण और समृद्धि की कामना की।

**News कॉर्नर**

## नशे के कैप्सूल सहित एक व्यक्ति दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने नशे के कैप्सूल सहित एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसे कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है बनभूलपुरा थाना पुलिस बीती रात इंदिरा नगर छोटी रोड पर गश्त कर रही थी। तभी एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोक लिया और उसकी तलाशी दी जिसके पास से 15 पत्ते नशीले कैप्सूल के बरामद हुए पकड़े गए नशे के सौदागर से गहनता से पूछताछ की तो उसने अपना नाम नसीम अहमद मोहम्मदी चौक इंदिरा नगर बताया । उसने बताया कि वह नशे कैप्सूल कई मेडिकलों से खरीदता है। और कई जगहों पर जाकर युवाओं को महंगे दामों पर बेचता है उसने बताया कि यह गोरख धंधा कई सालों से कर रहा है और इसी के चलते उसके घर का खर्चा भी चलता है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

## आत्मनिर्भर बनी हल्दूचौड़ की सीमा आर्या, महिलाओं के लिए बनी मिशाल

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

विकासखंड हल्द्वानी के हल्दूचौड़ निवासी सीमा आर्या आज आत्मनिर्भर महिला के रूप में समाज के सामने मिसाल बनी हैं।

राज्य सरकार द्वारा संचालित परियोजना से उन्हें 75,000 रुपये की सहायता राशि मिली। इस राशि में से 22,500 रुपये की सब्सिडी भी सरकार द्वारा दी गई। इस सहयोग से सीमा ने साइकिल रिपेयरिंग और टायर वर्क की दुकान खोली। साथ ही दुकान के लिए आवश्यक कंप्रेशर और टायर भी खरीदे। मेहनत और लगन से काम शुरू करने के बाद अब सीमा हर महीने 20 से 22 हजार रुपये तक की आय अर्जित कर रही हैं। केवल इतना ही नहीं, सीमा ने अपने व्यवसाय से दो अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध कराया है। वह बताती हैं कि यह सब राज्य सरकार की योजनाओं और ऋश्वक्क परियोजना से मिली मदद के कारण ही संभव हो पाया। सीमा आर्या ने सरकार और परियोजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस योजना ने उन्हें नया जीवन दिया है और आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है। आज सीमा की यह सफलता न केवल उनकी मेहनत की कहानी है, बल्कि यह इस बात का भी प्रमाण है कि राज्य सरकार की योजनाएँ वास्तव में लोगों को रोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर कर रही हैं।

## आफत: वैष्णो देवी रूट पर भूस्खलन से तबाही, 32 की मौत

**जम्मू-कश्मीर**
**एजेंसी**

जम्मू-कश्मीर के कटरा में वैष्णो देवी मंदिर के पास भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में 32 लोगों की जान चली गई है, रियासी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक परमवीर सिंह ने यह जानकारी दी।

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में माता वैष्णो देवी धाम की तरफ जाने वाले रास्ते पर भारी बारिश से भूस्खलन हो गया। हादसे में 32 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि करीब 20 लोगों के घायल होने की खबर है। अर्द्धकुंवारी के पास बुए भूस्खलन ने यात्रा मार्ग को प्रभावित कर दिया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। भूस्खलन वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर स्थित अर्द्धकुंवारी गुफा मंदिर में इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ।



त्रिकुटा पहाड़ी पर स्थित मंदिर मार्ग का बड़ा हिस्सा मलबे में ढेर हो गया है। आशंका है कि मलबे में और भी लोग दबे हो सकते हैं। सेना और प्रशासन राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं। जम्मू-कश्मीर में हो रही लगातार बारिश से बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा हो गई है। जम्मू में ओवरब्रिज ढह गए हैं, बिजली लाइन और मोबाइल टावरों को नुकसान हुआ है। तीन पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं।श्री माता वैष्णो देवी मार्ग पर मंगलवार को भूस्खलन के बाद यात्रा को रोक दिया गया है। संभाग में 2014 के बाद (11 साल) मंगलवार को फिर ऐसी जल तबाही देखने को मिली है। पिछले चार दिन से भारी बारिश से संभाग के लगभग सभी जिलों में जनजीवन पटरी से उतर गया है।

## राष्ट्रीय राजमार्ग बंद, 18 ट्रेनें रद्द, दो उड़ानें निरस्त

जम्मू से रामबन में करीब 12 स्थानों पर भूस्खलन से जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद है। चक्की पुल पठानकोट पर बाढ़ जैसी स्थिति से जम्मू, उधमपुर, कटड़ा आने वाली 18 ट्रेनें रद्द कर दी गईं। जम्मू से श्रीनगर जाने वाली दो उड़ानें भी रद्द करनी पड़ीं। जम्मू में भगवतीनगर में तवी नदी पर बने पुल के एक हिस्से के धंस जाने से वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई है। शहर में तवी के तीन पुलों पर भी दोपहर बाद वाहनों की आवाजाही नियंत्रित की गई। पूरे शहर में अफरातफरी का माहौल है। दूरसंचार सेवाएं ठप होने से लोग अपनों से संपर्क नहीं कर पाए। जम्मू पठानकोट मार्ग पर बड़े वाहनों की आवाजाही बंद है।

# डिजिटल अरेस्ट: महिला से 1.47 करोड़ की ठगी

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की मल्लीताल निवासी बुजुर्ग महिला को डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगों ने 1.47 करोड़ की रकम ठग ली। साइबर ठगों ने 10 दिनों में एक कमरे में ऐसा सेटअप तैयार किया कि महिला जीवनभर की पूंजी गवां बैठी। बुजुर्ग होने के कारण बैंक कर्मियों को घर बुलाकर उसने अपने 3 खातों से ठगों के पांच खातों में यह रकम डलवाई। एक बैंक कर्मी को शक होने व महिला के रिश्तेदारों को बताने के बाद महिला को ठगी का अहसास हुआ।



बता दें कि महिला पूर्व में रुहेलखंड विश्वविद्यालय में कुलपति रह चुकी हैं। कोतवाली पहुंचकर महिला ने पुलिस से गुहार लगाई तो उन्होंने ऑनलाइन शिकायत भेजने के साथ ही महिला को साइबर थाना भेजा गया है। कोतवाली पुलिस से मिली मुताबिक के मुताबिक मल्लीताल निवासी प्रो.बीना साह पूर्व में रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में कुलपति रह चुकी है,वर्तमान में वह नैनीताल में मल्लीताल गार्डन हाउस क्षेत्र में अकेले रहती है। बीते 14 अगस्त (वीरवार) को महिला को एक अज्ञात नंबर से फ ोन आया। फ ोन करने वाले ने खुद को आरबीआई का बड़ा अधिकारी बताकर महिला के बैंक खाते में हवाला का गैरकानूनी रुप से 7 से 8 करोड़ रुपये आने की बात कही। इस बीच उसने महाराष्ट्र पुलिस अधिकारी को वीडियोकॉल पर लेते हुए महिला को डिजिटल अरेस्ट किये जाने की जानकारी दी। यह सुन महिला के होश उड़ गए। बैंक अधिकारी ने महिला को उसके खातों की रिफ इनरी करने की बात कही साथ ही बताया कि उसे सारी रकम दिये जा रहे बैंक खातों में डालनी होगी। जांच में यदि हवाला से रकम आने की शिकायत की पुष्टि नहीं हुई तो जांच के बाद उसे वापस कर दी जाएगी। जब तक जांच नहीं होती उसे डिजिटल अरेस्ट ही रखा जाएगा। ठगों ने यह बात किसी भी व्यक्ति व क्षेत्रीय पुलिस को भी बताने से मना कर दिया। गिरफ्तारी के डर से महिला अपने खातों से दिये गए खातों रकम का हस्तांतरण करती रही। 1.47 करोड़ की रकम गवाने के बाद भी जब और मांग होती रही व हस्तांतरण कर रहे बैंक कर्मियों को शक हुआ तो उन्होंने महिला के रिश्तेदारों को यह बात बताई। रिश्तेदारों में भी एक पूर्व बैंक कर्मी ने बैंक स्तर से ऐसी किसी जांच का प्रावधान नहीं होने की बात बताई तो महिला को ठगी का अहसास हुआ। रिश्तेदारों के साथ तत्काल महिला शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची।

मामले में कोतवाली के एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामले की शिकायत 1930 पर कर बैंक खाते होल्ड करवा दिये गए हैं। एक करोड़ से अधिक का मामला होने के कारण महिला को साइबर थाना भेजा गया है, वहीं मामले में साइबर थाना इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है।



# नियमितीकरण को 417 वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन मंगलवार को 417 वें दिन भी जारी रहा ।

महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पौधारोपण अभियान के 417वें दिन हल्द्वानी स्थित कुमाऊं मंडल विकास निगम के सरस मार्केट परिसर में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया । दिनेश गुरुरानी ने कहा कि देहरादून में 27 अगस्त (आज) को सचिव पर्यटन के साथ होने वाली बैठक स्थगित हो गई । अब यह बैठक 9 सितंबर (मंगलवार) को होगी। आज के कार्यक्रम में कार्यकारी महामंत्री तारादत्त भट्ट, पीतांबर दुमका, नवीन पलडिया, गिरीश चंदोला, अनीश सहित कार पार्किंग में कार्यरतनिगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नंदा महोत्सव की तैयारियों के बीच ठेकेदार की लापरवाही, पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में अभी नंदा महोत्सव शुरु हुआ भी नहीं लेकिन परेशानियां अभी से शुरु होने लगी हैं। महोत्सव की तैयारियों के बीच ठेकेदार की लापरवाही से मल्लीताल स्थित डीएसए मैदान में बड़ी गड़बड़ी हो गई।

बता दें कि मंगलवार को शाम अस्थायी दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा था कि अचानक मैदान के नीचे से गुजर रही पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। कुछ ही देर में मैदान में पानी ही पानी बहने लगा और अफरा तफ री का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही जल संस्थान के अवर अभियंता डीएस बिष्ट मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह पेयजल लाइन एडीबी परियोजना के तहत बिछाई गई थी। इसमें वेल्डिंग संभव नहीं है लिहाज़ा टूटा हुआ हिस्सा बदलना पड़ेगा। मरम्मत में समय लगने की संभावना है। बताया अस्थाई दुकानों के निर्माण से पहले ठेकेदार को पेयजल पाइप लाइन होने की जानकारी दी थी इसके बावजूद भी ठेकेदार द्वारा काम में लापरवाही बरती जिससे पेयजल लाइन शातिग्रस्त हुई है।

स्थानीय निवासी राजेश ठेकेदार की लापरवाही पर भडक़ उठे और सवाल किया कि महोत्सव से पहले ही अगर पेयजल व्यवस्था बिगड़ गई तो मेला क्षेत्र और आस.पास के लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी।



## NEWS / फटाफट

### अधिवक्ता के चेंबर में बंदरों ने मचाया उत्पात

**नैनीताल ।** जिला न्यायालय परिसर में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है ताजा घटना में बंदरों ने अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (एडीजीसी) भरत भट्ट के चेंबर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया। एडीजीसी भट्ट के अनुसार सुबह जब उनके चेंबर का दरवाजा खोला गया तो बंदर भीतर घुस आए और अंदर रखी कई महत्वपूर्ण फ इलों को क्षतिग्रस्त कर दिया यही नहीं बंदरों ने चेंबर में रखी कुर्सी और अन्य सामान को भी नुकसान पहुँचाया। कहा कि न्यायालय परिसर में लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं से अधिवक्ताओं और कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की मांग की है जिससे न्यायालय परिसर में कार्यरत कर्मचारियों और वादकारियों को ऐसी परेशानियों से निजात मिल सके।



### वाहन पर टिप्पणी को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में वाहन को लेकर टिप्पणी करने पर दो पक्षों में विवाद व मारपीट हो गई। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्ष कार्रवाई की मांग को लेकर कोतवाली पहुंच गए। जहां घंटों दोनों पक्षों में झड़प चलती रही। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ  चालानी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार सोमवार रात मल्लीताल निवासी दो युवक रिकशा स्टेंड के समीप सडक़ किनारे वाहन पार्क कर चाय पी रहे थे। इस बीच वहां से गुजर रहे दो युवकों ने उनके वाहन को डिबबा कह दिया। यह सुन दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। मामला बढ़ा तो दोनों पक्ष शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गए। जहां दोनों में देर रात तक झड़प चलती रही। पुलिस ने सखती दिखाकर मेडिकल परीक्षण करवाया तो दोनों पक्ष शांत हुए। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मारपीट कर शांतिभंग करने पर मल्लीताल निवासी सोनू बिष्ट, दिव्यांशु जोशी, सूखाताल निवासी ऋषभ बिष्ट व रुकुट कंपाउंड निवासी राहुल प्रजापति के खिलाफ पुलिस एकट में कार्रवाई की गई है।

### कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस युवा मोर्चा में आक्रोश

**नैनीताल ।** जिले के रामगढ़ क्षेत्र के मौना में कांग्रेस युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं  ने मंगलवार को सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर आक्रोश जताया। बता दें कांग्रेस कानून व्यवस्था को लेकर एक तरफ राजभवन में कूच कर रही है वहीं रामगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार प्रदर्शन व नारेबाजी से कांग्रेसियों में उग्र माहौल बना हुआ है। मंगलवार को मौना में कांग्रेसियों ने पंचायत चुनावों में हुई धांधली का आरोप सरकार पर लगाया। कांग्रेसियों ने प्रदेश सकार का पुतला फूंक कर विरोध जताया। कांग्रेसिंयो ने बिगड़ती कानून व्यवस्था, गिरता पर्यटन तथा खराब सडक़ें, शिक्षा व स्वास्थ्य पर प्रदेश सरकार उपेक्षा कर रही है। कहा कि बीते दिनों पंचायत चुनावों में जनप्रतिनिधियों का अपहण किया गया जिसमें अब तक कोई ठोस कारवाई नही हो पाई है।



### कुक ने वेतन न देने और धमकाने का आरोप लगाया

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र के होटल में कार्यरत कुक ने होटल संचालक पर एक माह का वेतन न देने और धमकाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। अल्मोड़ा निवासी दीप चन्द्र ने कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए कहा है कि वह मल्लीताल एक होटल में कुक का काम करता है। बीते दिनों उनको किसी काम से घर जाना पड़ा। वापस आने पर होटल संचालक की ओर से एक माह का वेतन देने से मना कर दिया गया। जब दोबारा वेतन की मांग की गई तो होटल संचालक की ओर से धमकाया जा रहा है। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि मामले में शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित  एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# नन्दा सुनन्दा मेले में अस्थायी पशुबलि को लेकर सुनवाई आज

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नैनीताल शहर में आयोजित होने वाली श्री नन्दा सुनन्दा मेले के दौरान बलि देने के लिए अस्थायी पशुबलि स्थल निर्धारित करने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने मामले की सुनवाई हेतु बुधवार (आज) की तिथि नियत की है।

बता दें कि मामले को मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई हेतु मेंशन किया लेकिन कोर्ट ने उसकी सुनवाई के लिए बुधवार (आज) की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार नैनीताल निवासी पवन जाटव ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि नन्दा सुनन्दा का मेला नैनीताल में प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस मेले का अपने आप मे एक ऐतिहासिक महत्व है जिन श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण होती है। देवी को खुश करने के लिए बलि देते आये हैं लेकिन कुछ समय  से मंदिर परिसर के आसपास व खुले में बलि देने पर रोक लग जाने के कारण श्रद्धालुओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई संगठन इसका विरोध भी करते आये हैं। जिसकी वजह से कानून व्यवस्था में भी अव्यवस्थित हो जाती है। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि यह मेला हजारों लोगों की आस्था का प्रतीक है, जिन श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण हो चुकी है अगर वे नियमों के तहत बलि देना चाहते हैं तो उन्हें एक अस्थायी बलि स्थल मल्लीताल लकड़ी टाल की भूमि पर बनाया जाए, यहां बनने से श्रद्धालु अन्य जगह पर बलि न दे सके। यहाँ पर अस्थायी बलि स्थल होने से सभी को सुविधा होगी। मेले के दौरान कानून व पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी इसलिए होने वाले मेले के दौरान एक अस्थायी बलि स्थल यहां पर बनाया जाय। इसके लिए उनके द्वारा प्रशासन को भी अनुमति पत्र दिया गया है लेकिन वहाँ से अभी अनुमति उन्हें नहीं मिल पाई है।

# कुलपति प्रो. रावत से पूर्व छात्रों ने शिष्टाचार भेंट की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्रों के शिष्टमंडल ने मंगलवार को  कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान पूर्व छात्रों ने प्रो.रावत के कार्यभार ग्रहण से लेकर अब तक उनके द्वारा  कुमाऊं विश्वविद्यालय को  शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने पर खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी।



मुलाकात के बाद पूर्व छात्रों ने मीडिया को बताया कि  नैनीताल में पटवाडांगर में कुमाऊं विश्वविद्यालय को 26.4 एकड़ भूमि मिली जिसमें कुलपति प्रो.रावत के प्रयासों से छात्र छात्राओं को शिक्षा स्तर में बढावा मिलेगा। कहा कि कुमाऊं विश्वविद्यालय को देश भर में शोध के क्षेत्र में (एएनआरएफ पीएआईआर) के लिए भी 100 करोड़ रुपए मिले है और इंडिया टुडे के सर्वे में भारत के विश्वविद्यालयों में कुमाऊं विश्वविद्यालय को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए 27वां स्थान मिला है आंतरिक शोध में प्रोत्साहन हेतु विश्वविद्यालय की बचत से शिक्षकों को 1.50 करोड़ की अनुदान राशि दी गई। प्रोफेसर रावत द्वारा पार्किन्स जैसी गंभीर बीमारी की दवा के लिए अमेरिका और कनाडा में शोध किया जा रहा है, जल्द ही फेस 1 के परीक्षण के बाद फेस 2 की भी तैयारी है। पूर्व छात्रों के मुताबिक कुलपति प्रो. रावत के प्रयासों से कुमाऊं विश्वविद्यालय देश भर में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। इन सभी कामयाबियों को लेकर मंगलवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों (उनकी ओर से) द्वारा प्रो.डी. एस रावत को बुकें देकर धन्यवाद किया गया ।

पूर्व छात्रों में डॉ. महेंद्र सिंह राणा, कार्य परिषद सदस्य अरविंद सिंह पडियार समेत डॉ मोहित रौतेला, डॉ दीपक मेलकानी,  गोपाल सिंह रावत, आनंद सिंह बिष्ट तथा संतोष कुमार शामिल रहे।

# अभिमत



## खोखले दाव

*उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण को लेकर बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं, लेकिन वार्निंग सिस्टम के नाम पर सीटी ही सबसे बड़ा सहारा है। जबकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और सेंटर वाटर कमीशन जैसी संस्थाओं से प्राप्त अलर्ट को सायरन के माध्यम से क्षेत्र विशेष के लोगों तक पहुंचाकर सुरक्षित स्थानों पर जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। अर्ली वार्निंग सिस्टम में आपदा के बारे में सायरन की ध्वनि भी भिन्न होती है।*

उत्तराखंड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है। प्राकृतिक आपदा को रोकना संभव नहीं है, परन्तु उससे बचाव हो सकता है। वर्ल्ड बैंक ने उत्तराखंड में मल्टी हजार्ड अर्ली वार्निंग सिस्टम स्थापित करने के लिए 118 करोड़ रुपये स्वीकृत किये हैं। यदि अर्ली वार्निंग सायरन सिस्टम पर राज्य में सुचारू तौर पर काम हुआ होता तो उत्तरकाशी के धराली और हर्षिल में आपदा से बहुत लोगों की जान बचाई जा सकती थी। उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण को लेकर बड़े-बड़े दावे किये जाते हैं, लेकिन वार्निंग सिस्टम के नाम पर सीटी ही सबसे बड़ा सहारा है। जबकि भारतीय मौसम विज्ञान विभाग और सेंटर वाटर कमीशन जैसी संस्थाओं से प्राप्त अलर्ट को सायरन के माध्यम से क्षेत्र विशेष के लोगों तक पहुंचाकर सुरक्षित स्थानों पर जाने की व्यवस्था होनी चाहिए। अर्ली वार्निंग सिस्टम में आपदा के बारे में सायरन की ध्वनि भी भिन्न होती है। बाढ़, भूस्खलन, भूकंप, अतिवृष्टि, हिमस्खलन के लिए सायरन से अलग-अलग तरह की आवाज होती है। अर्ली वार्निंग सिस्टम केरल में कारगर साबित हो रहा है। अर्ली वार्निंग सिस्टम उत्तराखंड में 250 संवेदनशील क्षेत्रों में स्थापित किया जाना है। अभी तक 175 जगह स्थापित हुआ है। धराली में सिस्टम नहीं था। हर्षिल में होने पर भी आपदा से बचाव नहीं हो पाया। आपदा के बाद धराली में रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों के सदस्यों को ऊपरी क्षेत्र में तैनात जवान सीटी बजाकर संकेत देते हैं कि काम रोककर सुरक्षित स्थान पर चले जायें, क्योंकि भारी बारिश से रेस्क्यू वाले स्थान पर जल का प्रवाह बढ़ सकता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के बाद सायरन की जगह सीटी का इस्तेमाल दुर्भाग्यपूर्ण लापरवाही है। वर्ष 2013 में श्रीकेदारनाथ आपदा को राष्ट्रीय त्रासदी घोषित कर केन्द्र सरकार ने आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए उत्तराखंड को भरपूर मदद दी। राज्य में चाहे किसी भी पार्टी की सरकार हो धरातल स्तर पर काम नहीं हुआ। जनहित के कार्यों के खोखले दावों की पोल समय-समय पर खुलती रही है। उत्तराखंड में सबसे भीषण भूकम्प उत्तरकाशी में आया था। उसके बाद लगातार प्राकृतिक आपदा का सामना उत्तरकाशी के लोग कर रहे हैं। राज्य के अन्य क्षेत्रों में मानसून के अतिरिक्त भी हमेशा प्राकृतिक आपदा का खतरा बना रहता है। आपदा प्रबंधन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# नैनीताल में कल से होगा मां नंदा व सुनंदा महोत्सव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में कल 28 अगस्त से शुरु होने जा रहे नौ दिवसीय श्री मां नंदा देवी महोत्सव की कामयाबी के लिए महोत्सव की आयोजक संस्था श्री राम सेवक सभा की ओर से सभी तैयारियों को अंतिम रुप दे दिया गया है। इसी को लेकर सभा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता पर महोत्सव की तैयारियों को लेकर तैयारियों पर विस्तार से बताया।



इस दौरान सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 28 अगस्त को सभा प्रांगण में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य जनों की मौजूदगी में होगा। कहा कि उसके बाद कदली वृक्ष लाने के लिए सभा परिवार की टीम ज्योलिकोट स्थित चोपड़ा गांव को रवना होगी। 29 अगस्त को नगर भ्रमण के बाद कदली वृक्ष की शाम को 5.30 बजे मां नैना देवी मंदिर परिसर में पूजा अर्चना होगी, वहीं 30 अगस्त को कदली वृक्ष से विधिवत मां नंदा व सुनंदा की मूर्ति निर्माण किया जाएगा। इसी दिन अपराह्न एक बजे से सभा प्रांगण में स्कूली बच्चों की कवीज प्रतियोगिता व लोक गीत प्रतियोगिता होगी जबकि 31 अगस्त (अष्टमी) को ब्रह्ममुहूर्त में प्राण प्रतिष्ठा मां नंदा व सुनंदा की प्रतिमाओं को भकतों के दर्शन के लिए स्थापित कर दिया जाएगा। बताया कि 31 अगस्त से लेकर 4 सिंतबर तक शाम 6.30 बजे से पंचआरती,प्रसाद वितरण व रात्रि में देवी पूजन व देवी भोग आयोजित होगा। बवाड़ी के मुताबिक 1 सितंबर नवमी को सुबह 10 बजे सप्तमी पाठ, व हवन के बाद एक बजे से कन्या पूजन होगा,दो सिंतबर को दो बजे से सुंदरकांड, तीन को दिन में एक बजे से डीएसए मैदान में विशाल भंडारा जबकि 4 अगस्त को अपराह्न दो बजे से नंदा चालीसा व भजन होंगे जबकि 5 सिंतबर को सुबह देवी पूजन के बाद 12 बजे दोपहर में मां नयना देवी मंदिर परिसर से मां नंदा व सुनंदा की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी व दिनभर नगर भ्रमण के बादट शाम को गोलू देवता मंदिर के समीप से डोले का नैनी झील में विसर्जन कर दिया जाएगा। बवाड़ी के मुताबिक अबकी बार 31 अगस्त से लेकर 4 सितंबर तक हर रोज सायं 6.30 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम राम सेवक प्रांगण व तल्लीताल गांधी चौक में डा.मोहित सनवाल के नेतृत्व में होंगे। इसके साथ ही अबकी बार डोलाभ्रमण के दौरान पिथौरागढ़ के कलाकारों की ओर से लखिया भूत का विशेष मंचन किया जाएगा। वार्ता में सभा के पूर्व अध्यक्ष मुकेश जोशी ने कहा कि अबकी बार मां नंदा व सुनंदा की मूर्तियों की लोग सैल्फी नहीं ले सकेंगे,कहा कि इसके लिए लोगों से विशेष गुजारिश भी की जाएगी, महोत्सव पर ड्रोन कैमरे व सीसीटीवी कैमरे से पूरी नजर रखी जाएगी।

वार्ता में राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह समेत विमल चौधरी,देवेंद्र लाल साह, घनश्याम लाल साह, गिरीश जोशी,हरीश सिंह राणा,कमलेश ढौडियाल, मुकुल जोशी,भुवन बिष्ट, मोहित लाल साह, मिथिलेश पाण्डेय,अशोक साह, भीम सिंह कार्की, अतुल साह, कैलास बोरा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## संभाग स्तरीय खेलकूद में 14 प्रतिभागी शामिल

**नैनीताल** । विद्या भारती द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता नगला नानकमत्ता में नैनीताल के सरस्वती शिशु मंदिर वीर भट्टी दुर्गापुर से 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के तहत बैडमिंटन सिंगल में रित्विक बिष्ट ने प्रथम स्थान और डबल शिशु वर्ग में आयुष धौनी,लक्ष्य आर्य, शुभम आर्य ने प्रथम स्थान हासिल किया तथा बैडमिंटन डबल्स बाल वर्ग के भास्कर थापा, यश कुमार, मोहित थापा व मोहमद मुस्तफ ा ने संभाग स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। बाल वर्ग में बैडमिंटन सिंगल में जिगर डालाकोटी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रकार 8 भय्याओं ने गोल्ड मेडल व एक भैया ने सिल्वर मेडल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इसके अलावा भैया कृष्णा जोशी, दिव्यांशु आर्य, अभय पतलिया,नमन साह ने रेस में तथा नमन कुरिया ने गोला फेंक तथा लंबी कूद में प्रतिभाग किया। मेधावी बच्चों की इस अहम कामयाबी पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह व समस्त आचार्य परिवार ने खुशी जतायी है। दूसरी ओर विद्यालय के व्यवस्थापक डा. सूर्य प्रकाश ने विजेता भैयाओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# कजाकिस्तान से लौटते ही अंजलि का पीएनजी कॉलेज में जोरदार स्वागत

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट अंजलि गोस्वामी जब कजाकिस्तान से भारत लौटीं तो उनका कॉलेज किसी दुल्हन के घर जैसा सज उठा। 24 यूके गर्ल्स बटालियन की यह कैडेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत विदेश में भारत का प्रतिनिधित्व कर लौटी हैं। महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य प्रो एमसी पांडे ने स्वयं आगे बढ़कर उनका स्वागत किया और कहा कि अंजलि ने न सिर्फ पीएनजी कॉलेज बल्कि पूरे उत्तराखण्ड का नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्रों से कहा कि यह सफलता सभी कैडेट्स और युवाओं के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का स्रोत बनेगी। दरअसल यह एक्सचेंज प्रोग्राम एनसीसी की सबसे प्रतिष्ठित पहलों में गिना जाता है जिसमें कैडेट्स को सांस्कृतिक मंच पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मौका मिलता है। कजाकिस्तान में अंजलि ने भारत की विविधता और संस्कृति को जिस अंदाज़ में पेश किया उसने वहां मौजूद सभी का दिल जीत लिया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ कृष्णा भारती ने जानकारी दी कि अंजलि को इस प्रोग्राम के लिए कई कठिन प्रतियोगिताओं और चयन प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ा। उनकी इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो पांडे, चीफ प्रॉक्टर प्रो एस एस मौर्या, 24 यूके गर्ल्स बटालियन एनसीसी अल्मोड़ा के प्रभारी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जितेंद्र शर्मा, 79 यूके बटालियन के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ डी एन जोशी, प्रो अनीता जोशी, प्रो अनुमिता अग्रवाल समेत तमाम प्राध्यापकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने बधाई दी। कॉलेज की छात्राओं का कहना था कि अंजलि की यह सफलता इस बात का सबूत है कि एनसीसी में व्यक्तित्व निखारने और बड़े सपनों को उड़ान देने के बेहतरीन मौके छिपे होते हैं।



# फिल्मी दुनिया

## परम सुंदरी की चेन्नई एक्सप्रेस से तुलना पर जान्हवी ने जताई खुशी





*सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की आगामी फिल्म 'परम सुंदरी' लगातार चर्चाओं में बनी है। फिल्म अपनी रिलीज को तैयार है। हालांकि, फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही 'परम सुंदरी' की तुलना शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की 'चेन्नई एक्सप्रेस' से की जा रही है। फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट भी 'चेन्नई एक्सप्रेस' से मिलता-जुलता लग रहा है। अब इस तुलना पर फिल्म की लीड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। मिर्ची प्लस के साथ बातचीत के दौरान जान्हवी ने रोहित शेट्टी की 'चेन्नई एक्सप्रेस' से अपनी फिल्म की तुलना किए जाने और दोनों में समानताएं बताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए ब्लॉकबस्टर फिल्म के साथ अपनी फिल्म की तुलना किए जाने पर खुशी जताई। हालांकि, इस दौरान एक्ट्रेस ने स्पष्ट किया कि दोनों फिल्में पूरी तरह से एक-दूसरे से अलग हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे 'चेन्नई एक्सप्रेस' बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छा संदर्भ है। मैं इसे एक तारीफ के तौर पर लेती हूं। यह फिल्म 10 साल पहले रिलीज हुई थी। निश्चित रूप से ये दोनों फिल्में एक जैसी नहीं हैं।' साथ ही जान्हवी ने लोगों से दक्षिण के किरदारों को लेकर एकमत न होने का भी आग्रह किया। दोनों फिल्मों को एक जैसा बताने पर जान्हवी ने कहा कि 'चेन्नई एक्सप्रेस' एक हिट फिल्म है। लेकिन दीपिका ने फिल्म में एक तमिलियन की भूमिका निभाई है। जबकि मैं एक आधी तमिल, आधी मलयाली लड़की की भूमिका में हूं। अगर आप इसके बारे में सोचें, तो उन लोगों की ओर से एक सामान्यीकरण हो रहा है जो दोनों फिल्मों की तुलना कर रहे हैं। मैं फिल्म में केरल से हूं और दक्षिण के सभी लोगों को एक साथ नहीं रखा जा सकता है। यह पूरी तरह से एक अलग परिवेश है।*

### हर साल नहीं आतीं ऐसी फिल्में

*अभिनेत्री ने आगे कहा कि इसी तरह से '2 स्टेट्स' भी ऐसी ही फिल्म थी, लेकिन यह 'चेन्नई एक्सप्रेस' के बाद आई थी। इस तरह की फिल्में हर साल रिलीज नहीं होती हैं। मुद्दा यह है कि लोग हमारी तुलना किसी ऐसी चीज से नहीं कर रहे हैं जिसे भुला दिया जाना चाहिए। 'चेन्नई एक्सप्रेस' एक चर्चित फिल्म थी, जिसमें प्रतिष्ठित किरदार और अभिनेता थे। हमारी फिल्म उससे पूरी तरह से अलग है।*

# लखनपुर में 5 सितंबर को दौड़ेगा जज़्बा क्रॉस कंट्री रेस की तैयारियां हुई शुरू

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

पसीना गिरेगा कदम दौड़ेंगे और लखनपुर बनेगा खेल का अखाड़ा। लखनपुर स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आगामी 5 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली क्रॉस कंट्री दौड़ की तैयारियां जोरों पर हैं। आयोजन को लेकर क्लब कार्यालय में बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्य बचे सिंह डंगवाल ने की और संचालन सचिव नवीन नैथानी ने किया। बैठक में दौड़ के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। व्यवस्था एवं संयोजन समिति की कमान देवेंद्र चंद्र भट्ट, जितेंद्र बिष्ट, अधिवक्ता प्रभात ध्यानी, दिगंबर सिंह मनराल, गजेंद्र पाल सिंह रावत, नवीन चंद तिवारी, रमेश बिष्ट, देवेंद्र सिंह सेठी, नवेन्दु जोशी और कमल जोशी को सौंपी गई। वहीं समन्वय एवं प्रचार समिति में नवीन नैथानी, मीडिया प्रभारी हेमचंद्र पांडे, ओमप्रकाश रौत और निर्मल तिवारी को जिम्मेदारी दी गई।

कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी ने बजट का खाका प्रस्तुत किया। सचिव नवीन नैथानी ने बताया कि प्रतिभागी 31 अगस्त तक अपने नाम क्लब के सदस्यों को दे सकते हैं। बैठक में यह भी तय हुआ कि दौड़ की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए प्रतिदिन सायं 7 से 8 बजे तक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में स्पोर्ट्स क्लब के अन्य सदस्य चंद्रशेखर फुलारा, योगेंद्र मनराल, इंद्र सिंह मनराल, गुलशन शर्मा समेत कई सदस्य मौजूद रहे।



News कॉर्नर

## हजारों की चरस समेत तस्कर को किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** पुलिस में वाहन चेकिंग के दौरान एक चरस तस्कर को हजारों रुपए की चरस सहित गिरफ्तार किया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उच्च न्यायालय में पेश किया है टीपी नगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार बीती रात अपने तलवल के साथ कुमाऊं यूनिवर्सिटी के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक स्कूटी पर सवार होकर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जब पुलिस ने उसको रॉकर स्कूटी के पेपर मांगे लेकिन स्कूटी सवार ने उसके पेपर नहीं दिए तो पुलिस में उसका चालान कर दिया। संदेह होने पर पुलिस ने उसकी स्कूटी की डिग्गी खुलवाई तो उसमें लगभग आधा किलो चरस बरामद हुई। पुलिस पुलिस को चरस तस्कर में अपना नाम प्रकाश सिंह नैनवाल पुत्र महेंद्र सिंह नैनवाल निवासी धोलाखेड़ा बरेली रोड बताया उसने बताया कि वह चरण यहां किसी को महंगे दामों पर बेचे जा रहा था और वह चरण पहाड़ से लेकर आया है पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया है।

## हर में गिरे युवक का शव मुखानी से बरामद

**हल्द्वानी।** बीते दिवस थाना काठगोदाम क्षेत्र कॉलटैक्स के पास नहर में गिरे युवक का शव को मुखानी थाना क्षेत्र के पास बरामद हुआ। मंगलवार देर रात युवक नहर में गिरकर बह गया था, जिसके बाद पुलिस, एनडीआरएफ और सिंचाई विभाग की टीमों ने देर रात तक रेस्क्यू अभियान चलाया लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार सुबह फिर से अभियान शुरू किया गया और युवक का शव मुखानी क्षेत्र की नहर से मिला। मल्ला काठगोदाम चौकी इंचार्ज दिलीप कुमार ने बताया कि मृतक की पहचान रवि कुमार उर्फ मोनू (30) पुत्र स्व. राजपाल निवासी कांठ, मुरादाबाद के रूप में हुई है। वह इंद्रानगर काठगोदाम में अपनी बहन मंजू लता के साथ रहता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है।

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर बैठक आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल कलब सभागार में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान आदि के संबंध में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में उत्तराखंड वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के उपाध्यक्ष श्रीमती शांति मेहरा, नवीन लाल वर्मा, विधायक नैनीताल सरिता आर्या समेत वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण सहित अन्य संगठन के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में वरिष्ठ जनों की विभिन्न समस्याओं आदि के संबंध में चर्चा करते हुए वरिष्ठ जनों के कल्याण आदि के संबन्ध में सुझाव लिए गए बैठक में वरिष्ठ नागरिकों द्वारा मुखय रूप से उन्हें सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान दिलाए जाने की बात रखी बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में भी वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान आदि के संबन्ध में विकास खंडवार परिषद की बैठक कराने के साथ ही समाज कल्याण एवं चिकित्सा विभाग द्वारा कैंप लगाए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान वरिष्ठ नागरिकों ने नैनीताल नगर में वरिष्ठ जनों के आवाजाही के लिए फुटपाथ, पार्कों का निर्माण एवं नियमित साफ सफ ई के साथ ही संवेदनशील इलाकों में पुलिस प्रशासन से रात्रि गस्त करने की मांग रखी जिस पर ईओ नगर पालिका, लोनिवि और पुलिस विभाग को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में गोल्डन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं वयबंधन कार्ड को लेकर निःशुल्क चिकित्सा उपचार किए जाने और रेमजे अस्पताल में विभिन्न प्रकार के चिकित्सा उपकरण लगाने व चिकित्सकों की तैनाती की बात कही जिससे वरिष्ठ नागरिकों को इलाज के लिए भटकना ना पड़े।

उन्होंने बीट पुलिसिंग और समाज कल्याण विभाग के माध्यम से समय.समय पर वरिष्ठ नागरिकों विशेष रूप में जो वरिष्ठ नागरिक अकेले रहते हैं उनके बारे में समय समय पर जानकारी व उनकी कुशल लेने की मांग रखी। इसके अतिरिक्त नगर में निराश्रित पशुओं से वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा किए जाने सहित आवारा कुत्तों व बंदरों आदि की समस्या का निदान करने का भी अनुरोध किया। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के लिए मॉर्निंग वॉक और साइकिल ट्रैक सहित जगह.जगह बैठने के लिए बैंचों की व्यवस्था व मनोरंजन व कलब व पार्कों में निर्माण के लिए स्मृति वाटिका की व्यवस्था किए जाने हेतु पार्क बनाए जाने की मांग की। इसके अलावा वरिष्ठ नागरिकों के सममान के लिए संयुक्त राष्ट संघ द्वारा 1 अटूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के दिन वरिष्ठ नागरिकों को सममानित करने की प्रथम एवं परंपरा को निरंतर किए जाने की मांग की। बैठक में वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे, महामंत्री डीके पांडे, गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन नैनीताल की अध्यक्ष मंजू बिष्ट,जनहित संस्था के जगमोहन बिष्ट, पीडी पांडे, एस पी यातायात डा जगदीश चंद्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की, उप जिलाधिकारी नवाजिस खलिक, ईई लोनिवि रत्नेश सकसेना तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम आदि मौजूद रहे।

# जनता की समस्याओं के समाधान हेतु वार्डवार शिविरों का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



जिलाधिकारी वंदना के निर्देशानुसार हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जनसुविधा शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविर में नागरिकों की समस्याओं का समाधान करने के साथ ही विभागीय योजनाओं व सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। वार्ड संख्या 41 के समरथ गार्डन बैंकट हॉल में तथा वार्ड संख्या 42 के रघुनाथ बैंकेट हॉल में जन सुविधा शिविर आयोजित किया गया। दोनों स्थानों में आयोजित शिविरों में क्षेत्रीय जनता द्वारा अपनी व क्षेत्र की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया।अधिकारियों द्वारा मौके पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एवं समाधान किया गया। शिविर में मुख्य रूप से विद्युत पोल लगाए जाने, झुके विद्युत पोलों को ठीक कराए जाने, राशन कार्ड से नाम हटाए जाने एवं पृथक से अलग राशन कार्ड बनाए जाने, विभिन्न स्थानों में स्ट्रीट लाइट लगाए जाने, सड़क मरम्मत किए जाने सहित अन्य समस्याएं प्रमुखता से रखी। शिविर में विभिन्न विभागों के द्वारा क्षेत्रीय जनता को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने की साथ ही मौके पर विभिन्न प्रमाण पत्र भी बनाए गए साथ ही योजनाओं के आवेदन भी प्राप्त किए। दोनों वार्डों में आयोजित शिविर में आधार सेवा के अंतर्गत कुल 36 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए। शिविर में सम्मिलित नागरिकों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी एवं जनसहायक बताते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं वार्ड 41 के पार्षद चन्द्र प्रकाश व वार्ड 42 के पार्षद धीरज पाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ऑर्बिट के संस्थापक गगन को मिला लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड

**देहरादून/नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के युवा उद्यमी एवं प्लांट ऑर्बिट के संस्थापक गगन त्रिपाठी को उनके अभिनव कार्य, उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और कृषि क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान के लिए लीडरशिप एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 से समानित किया गया।

यह सम्मान उत्तराखंड सरकार के कृषि एवं कैबिनेट मंत्री श्री गणेश जोशी द्वारा सुर रहबर फ ाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित एक विशेष समारोह में होटल अकेता देहरादून में प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के कई गणमान्य अतिथि, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और युवा उद्यमी उपस्थित रहे। गगन त्रिपाठी ने सम्मान प्राप्त करते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल मेरा नहीं है बल्कि मेरी पूरी टीमए किसानों और उन सभी पौध प्रेमियों का है जिन्होंने प्लांट ऑर्बिट के इस मिशन को सफल बनाने में सहयोग दिया। हमारा प्रयास है कि भारत में किसानों को नई दिशा मिले, पौधों के क्षेत्र में नवाचार हो और हरित अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले।

प्लांट ऑर्बिट वर्तमान में देशभर के किसानों के सहयोग से अधिक किस्मों के सयुलेंट्स और पौधों को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी का उद्देश्य न केवल पौधों और सयुलेंट्स की गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति करना है बल्कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और भारत के हरित उद्यमशीलता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाना भी है।



# 21वें स्थापना दिवस पर बालाजी महाराज के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालु पहुंचे

**रामनगर**

हमारे संवाददाता

कोसीघाट स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर में आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। 26 व 27 अगस्त को आयोजित हुए मंदिर के 21वें स्थापना दिवस उत्सव में सुबह से ही भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

हर कोई बालाजी महाराज के दिव्य दर्शन कर आत्मिक सुख की अनुभूति करता दिखा। दो दिन तक चले इस भव्य समारोह में मंदिर प्रांगण घंटों तक गूंजता रहा कहीं भक्त भंडारे के स्वादिष्ट प्रसाद का आनंद लेते दिखे तो कहीं लोग 5100 लड्डुओं का प्रसाद पाकर गदगद हो उठे। भगवान की झांकियों ने श्रद्धालुओं को उनकी लीलाओं का दिव्य दर्शन कराया। विशेष अवसर पर मंदिर के महंत डॉ शुभम गर्ग ने हनुमान चालीसा की अनोखी व्याख्या कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उन्होंने इसे केवल पाठ न मानकर जीवन दर्शन बताया और भक्तों से रोजाना हनुमान चालीसा पढ़ने का आह्वान किया। भजन संध्या में जब गायक मंडली ने बाबा के भजनों की प्रस्तुति दी तो सैकड़ों श्रद्धालु तालियों की गड़गड़ाहट और नृत्य के साथ झूम उठे। इस दौरान मंदिर के सेवकों ने दिन-रात जुटकर पूरे आयोजन को सेवा और भक्ति से सफल बनाया। समापन पर महंत जी ने श्री बालाजी महाराज से सभी भक्तों के मंगलमय भविष्य की कामना करते हुए कार्यक्रम को विराम दिया।



## नंदाष्टमी महोत्सव को देखते हुए जुलूस रजा कलब 1 बजे से निकलेगा

**नैनीताल ।** जश्न ए ईद मिलादुनवी कमेटी के महासचिव मो.खालिद ने बताया कि 5 सिंतबर (शुक्रवार) को होने वाला जुलूस नैनीताल में नंदाष्टमी महोत्सव को देखते हुए अब 6 सिंतबर (शनिवार) को अपराह्न में 1 बजे से निकलेगा। उन्होंने बताया कि जुलूस रजा कलब मल्लीताल से निकाला जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से जुलूस में शामिल होने का आह्वान किया है।

# गिरीश चंद्र उप्रेती के निधन पर संगठनों ने दुःख जताया

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

राज्य कर्मचारी महासंघ, मिनिस्ट्रियल फ़ेडरेशन के प्रांतीय अध्यक्ष रहे व उत्तराखंड आंदोलन अग्रणी नेता गिरीश चंद्र उप्रेती के निधन पर नैनीताल के विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने दुःख जताया है।

उत्तराखंड विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष भूपाल सिंह करायत ने कहा कि श्री उप्रेती जीवन पर्यंत कर्मचारियों के हित में कार्यरत रहे । वे अनेक कर्मचारी संगठनों के संरक्षक रहने के साथ प्रेरणाश्रोत भी रहे। उनके नेतृत्व में उत्तराखंड राज्य आंदोलन में कर्मचारियों की भूमिका सफल रही थी। वह कर्मचारी हितों के लिए आगे आकर कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करते रहे। शासन के साथ वार्ता में कर्मचारियों की मांगों पर दृढ़तापूर्वक एक स्तंभ की तरह डटे रहे और कर्मचारियों को सम्मान जनक पद दिलाये। श्री उप्रेती के निधन पर महासंघ के पूर्व महामंत्री डॉ लक्ष्मण सिंह रौतेला, पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह, महामंत्री प्रशांत मेहता, डी एस बी परिसर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंदा बल्लभ पालीवाल, पूर्व अध्यक्ष गणेश बिष्ट समेत दीपक बिष्ट, नवल किशोर बिनवाल सहित राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के नेता बहादुर सिंह बिष्ट, जिलाध्यक्ष असलम अली, जगमोहन रौतेला, एन एस रजवार, वाहन चालक संघ के नेता रमेश लाल, नैनीताल बैंक के प्रवीण साह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन नेगी,पूर्व विधायक डॉ.नारायण सिंह जंतवाल सहित कई संगठनों ने उनके निधन पर दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

# पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जयंती को लेकर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में भारत रत्न पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जयंती समारोह को मनाये जाने के संबंध में कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गयी। जिसमें भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत समिति के पदाधिकारियों ने समारोह को बेहतर और भव्य बनाने के सुझाव दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी ने बताया कि पंडित गोविन्द बल्लभ पंत जी के जन्म दिवस समारोह को जिले में भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें उनके जीवन दर्शन,साहित्यिक समाजिक तथा स्वतंत्रता आंदोलन योगदान, देश भक्ति आदि कार्यक्रम मुखयालय, तहसील तथा विकास खंड, शासकीय संस्थाओं आदि में आयोजित किए जाएंगे साथ ही इसके लिए जिले भर में संयोजक व नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने जिले भर में पंत जी की प्रतिमा में साफ. सफाई तथा रंग रोगन कार्य और विद्युत आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश संबंधित आधिकारी को दिए.उन्होंने कहा कि पंत जयंती के अवसर पर विभिन्न भाषण और गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने मल्लीताल स्थित भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी प्रतिमा पर सम्मान श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण तथा मंच व बैठने की व्यवस्था और कार्यक्रम बेहद प्रभावशाली भव्य बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विद्यालयों व महाविद्यालयों में स्वतंत्रता संग्राम में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी का योगदान विषय पर भाषण,गोष्ठी, निबंध प्रतियोगिताएं व चित्रकला प्रतियोगिता आदि करायी जाएगी। साथ ही उन्होंने जयंती के दिन जिले भर कार्यक्रमों को देखते पुलिस प्रशासन से कार्यक्रम स्थलों में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। इस दौरान समिति के मुखय संयोजक उत्तराखंड गोपाल सिंह रावत, संयोजक ललित मोहन भट्ट, नैनीताल संयोजक पूरन सिंह मेहरा, रविंद्र कर्नाटक, तारा पांडे, तहसीलदार हल्द्वानी मनीषा बिष्ट आदि मौजूद रहे।